संत रविदास का जीवन दर्शन मानव समाज को दर्पण दिखाने जैसा- डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी|

दिनांक 16-02-2022 जनता कॉलेज बकेवर इटावा में संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण और अध्यक्षता में कॉलेज परिवार के प्राध्यापकों , शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की | कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ एम पी सिंह ने संत रविदास को निर्गुण धारा का महान संत बताया| डॉ धर्मेंद्र कुमार ने संत रविदास के सामाजिक हित और उत्कर्ष में सद्कार्यों की सराहना करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का संकल्प लिया | मुख्य अनुशासन अधिकारी एवं कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने संत रविदास को कुंभन और कबीर की परंपरा का महान संत और कवि बताया | सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा ने संत रविदास को आडंबर और कुरीतियों का विरोध करने वाला महान संत बताया| प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संत रविदास को सर्व स्वीकार्य समाज सुधारक कहा तथा उनके जीवन दर्शन को संपूर्ण मानवता को दर्पण दिखाने वाला बताया | कार्यक्रम में डॉ मनोज यादव, डॉ नवीन अवस्थी,अजित अग्निहोत्री, पुस्तकालय अध्यक्ष रामदास वर्मा ,डॉ शैली यादव, श्रीमती रत्ना शुक्ला , आकाश चौधरी, स्वतंत्र कुमार ,राज दुबे, रामू कुमार आदि कॉलेज परिवार के सदस्यों तथा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की | कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा किया गया|

जनता कालेज बकेवर
स्वतंत्रता
का
75
अमृत महोत्सव
सांस्कृतिक कार्यक्रम
के अन्तर्गत आयोजित